# आशा भोसले की पहली शादी के खिलाफ थीं लता मंगेशकर



इंडस्ट्री की प्लेबैक सिंगर आशा भोसले 8 सितम्बर 2021 अपना 88वां जन्मदिन मना रही हैं। आशा का जन्म महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। आशा भोसले के पिता दीनानाथ मंगेशकर ऐक्टर और क्लासिकल सिंगर थे और उनका यही गुन उनकी बेटियों में भी खूब आया। पिता के असमय निधन की वजह से घर की सबसे बड़ी बेटी लता मंगेशकर पर परिवार का बोझ आ गया और उस वक्त वह केवल 14 साल की थीं। लता मंगेशकर परिवार संभालने की इस जिम्मेदारी को निभाने भी लगीं। अपने भाई–बहनों को खूब लाड़–प्यार देने वाली लता की लाइफ में एक ऐसा मौका आया जब वह अपनी छोटी बहन आशा भोसले से काफी नाराज हो गईं। वजह थी आशा भोसले की शादी। जी हां, भारतीय संगीत की दुनिया में दशकों से राज कर रहीं इन बहनों के बीच तब खूब तकरार हुई जब आशा भोसले ने शादी करने का फैसला ले लिया था।

दरअसल समस्या शादी नहीं नहीं बल्कि अपने से उम्र में दोगुने शख्स के साथ शादी का फैसला लता मंगेशकर को मंजूर न हुआ। बचपन से ही अलग मिजाज की आशा भोसले किसी बंधन में बंधकर चलने वालों में से नहीं थीं। कहते हैं कि वह जिंदगी को अपने तरीके से जीना पसंद करती हैं। 16 साल की उम्र में आशा को लता मंगेशकर के सेक्रेटरी गणपतराव भोसले से प्यार हो गया। वह उम्र में आशा से लगभग दुगने थे। दोनों ने भागकर शादी कर ली और आशा मंगेशकर से वह आशा भोसले हो गईं। दोनों के तीन बेटे भी हैं। बताया जाता है कि दोनों के बीच बात इतनी बिगड़ गई थी कि तीसरी प्रेग्नेंसी के दौरान ही आशा पति गणपतराव का घर छोड़कर अपनी बहन के घर आ गईं। इसके बाद ही वे अलग हो गए और 1960 में तलाक ले लिया। हालांकि, 1966 में गणपतराव की निधन भी हो गया।



इसके बाद आशा की लाइफ में आरडी बर्मन आए। 1980 में आशा भोसले ने आरडी बर्मन से शादी की। दोनों ने कई गाने साथ में गाए थे। आरडी बर्मन जुड़ा एक किस्सा काफी सुनने में आया था। कहते हैं कि आरडी बर्मन की मां इस रिश्ते से बिल्कुल खुश नहीं थीं। आशा बर्मन से उम्र में बड़ी थीं और मां ने साफ शब्दों में कह दिया था अगर शादी करके उन्हें घर लाना हो तो उनकी लाश पर से लेकर आएं। इसके बाद मां बीमार पड़ गईं और उन्होंने लोगों को पहचानना बंद कर दिया, जिसके बाद दोनों ने शादी रचा ली। हालांकि, यह रिश्ता भी उनकी तकदीर में नहीं था और शादी के 14 साल बाद ही आरडी बर्मन का निधन (1980–1994) हो गया।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




## अर्जुन कपूर ने खरीदी हद से ज्यादा महंगी एसयूवी, करोड़ों में है कीमत

बॉलिवुड सिलेब्रिटीज के पास दुनिया की एक से बढ़कर एक महंगी कारें हैं। अब इस लिस्ट में अर्जुन कपूर का भी नाम शामिल हो गया है। हमेशा मलाइका अरोड़ा से अफेयर के चलते सुर्खियों में रहने वाले अर्जुन कपूर ने हाल में एक और करोड़ों की कीमत वाली महंगी एसयूवी कार अपने गैराज में खड़ी कर ली है। अर्जुन कपूर की इस कार की कीमत सुनकर फैन्स भी हैरान हैं। दरअसल इस लग्जरी डंलइंबी GLS600 एसयूवी की कीमत 2.43 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस खार में वह सभी आधुनिक सुविधाएं और फीचर्स हैं जो इस कीमत की कार में मिलने चाहिए। कार की रोड प्रेजेंस शानदार है और अर्जुन की एसयूवी नीले रंग की है। अर्जुन ने अपनी कार का नंबर 02911 रखा है जो उनके पिता बोनी कपूर के बर्थडे 29 दिसंबर और बहन अंशुला के बर्थडे 11 नवंबर की तारीखें हैं। वैसे यह पहली ऐसी महंगी कार नहीं है जो अर्जुन कपूर ने खरीदी हो। अर्जुन के पास पहले इस कार के अलावा लैंड रोवर, मासेराती लेवांटे, ऑडी क्यू5 और होंडा सीआरवी जैसी महंगी कारें हैं। अर्जुन कपूर से पहले यही महंगी एसयूवी रणवीर सिंह ने भी खरीदी थी और अर्जुन को इसमें अपने साथ राइड पर लेकर गए थे। शायद वहीं अर्जुन का दिल इस कार पर आ गया।

## रजत बेदी ने ऐक्सिडेंट के बाद खुद किया था पुलिस को कॉल?

एक दिन पहले ही कोई मिल गया जैसी फिल्मों में काम कर चुके ऐक्टर रजत बेदी के खिलाफ कथित तौर पर एक व्यक्ति को कार से टक्कर मारने की शिकायत दर्ज की गई थी। डीएन नगर की पुलिस ने बताया कि रजत बेदी घायल व्यक्ति को कूपर हॉस्पिटल में लेकर आए। वहीं पर ऐक्टर ने खुद बताया कि उन्होंने पीड़ित को अपनी कार से टक्कर मारी थी जिसके बाद घायल को हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया। अब पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो जो व्यक्ति रजत की कार से टकराया था वह शराब के नशे में था। रिपोर्ट के मुताबिक, रजत के बिजनस मैनेजर श्रीदेवी शेट्टी ने बताया कि घायल होने वाला आदमी शराब पिए हुए था और अचानक कार के सामने आ गया। उन्होंने कहा कि रजत उस व्यक्ति को तुरंत ही कूपर हॉस्पिटल लेकर गए थे। रजत ने उस व्यक्ति के लिए खून का भी इंतजाम किए और उनका एक दोस्त घायल व्यक्ति की देखभाल कर रहा है। मैनेजर के मुताबिक, इस ऐक्सिडेंट के बाद रजत ने खुद ही पुलिस को भी इस बारे में इन्फॉर्म किया था।

## जब जान्हवी कपूर कार की डिक्की में छिप गईं



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जान्हवी कपूर भले ही अभी गिनी–चुनी फिल्मों में नजर आई हों मगर अपनी खूबसूरती और लुक्स के कारण वह हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। जान्हवी कपूर जल्दी ही टीवी शो Star अे थ्ववक के सेकेंड सीजन में नजर आने वाली हैं। इस बार जान्हवी कपूर मास्टरशेफ के साथ खाना बनाती नजर आने वाली हैं। इस दौरान उन्होंने कुछ मजेदार बातें भी शेयर कीं। जान्हवी कपूर ने बताया कि वैसे तो उन्हें मीडिया के सामने आने से कोई परेशानी नहीं मगर कई बार वह पपराजी से छिप जाती हैं। जान्हवी ने बताया कि इसके लिए वह अपनी कार में एक कंबल रखती हैं और उसे ओढ़ कर कार की डिक्की में छिप जाती हैं ताकि उन्हें फटॉग्रफर्स न देख सकें। फटॉग्रफर्स से बचने की जान्हवी की कोशिश का एक मजेदार किस्सा उनकी ट्रेनर नम्रता ने भी बताया। उन्होंने कहा, जान्हवी ने मुझसे कहा– नमो, तुम्हें मेरी मदद करनी पड़ेगी, वो मेरी तस्वीर न खींच सकें और मुझे देख न सकें। इसके बाद नम्रता ने बताया, इसके बाद हमने जान्हवी की कार को दूसरी साइड भेज दिया।

# बॉलिवुड ने दी अक्षय कुमार की मां को दी श्रद्धांजलि

*अक्षय कुमार ने ट्वीट करते हुए मां की दुखद खबर सोशल मीडिया पर खुद शेयर की। अक्षय ने अपने मां के निधन की खबर शेयर करते हुए लिखा, वह मेरी मूल थीं और आज मैं अपने मूल में असहनीय दर्द महसूस कर रहा हूं। मेरी मां श्रीमती अरुणा भाटिया आज सुबह शांति के साथ इस दुनिया को छोड़ गईं और एक बार फिर दूसरी दुनिया में मेरे पिता से मिलेंगी। मेरे और मेरे परिवार के प्रति मैं आप सभी की प्रार्थनाओं का सम्मान करता हूं। ओम शांति।*



अक्षय कुमार की मां अरुणा भाटिया अब इस दुनिया में नहीं रहीं। इस वक्त अक्षय अपनी मां के गम में डूबे हैं और इंडस्ट्री से दोस्तों ने अक्की के लिए सहानुभूति और सांत्वना देने में जुट गए हैं। सलमान खान से लेकर अक्षय कुमार और इंडस्ट्री के कई दोस्तों ने अक्षय की मां को श्रद्धांजलि देते हुए अपने दोस्त की हिम्मत बांधते नजर आ रहे हैं।

सलमान खान ने ट्वीट करते अक्षय के लिए संवेदना जताई है। उन्होंने लिखा है, डियर अक्की, आपकी मां के गुजर जाने की खबर सुनकर काफी दुखी हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। मेरी गहरी संवेदना आपके लिए और आपके पूरे परिवार के लिए।

अजय देवगन ने ट्वीट करते हुए अक्षय कुमार की मां के लिए दुख जताया है। उन्होंने इस ट्वीट में लिखा है, श्डियर अक्की, आपकी मां के निधन पर संवेदना व्यक्त कर रहा हूं। अरुणाजी की आत्मा को शांति मिले। आपको और आपके परिवार के प्रति संवेदना, ओम शांति।

अक्षय कुमार की को–स्टार निम्रत कौर ने लिखा है, आपका इस अथाह नुकसान के लिए बहुत खेद है। इस मुश्किल घड़ी में आपको और पूरे परिवार के लिए गहरी संवेदना और मेरी प्रार्थना है। सतनाम वाहे गुरु।